पेड़ से टकराई तेज रफ्तार कार एक की मौत, एक घायल

दमोह,बटियागढ़, देशबन्धु। जिले के बटियागढ़ थाना अंतर्गत दमोह-छतरपुर मार्ग पर सोमवार रात शराब दुकान के कर्मचारियों की कार पेड़ से टकरा गई। हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल का इलाज बटियागढ़ अस्पताल में चल रहा है। वहीं, मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराकर पुलिस ने उसे परिजनों को सौंप दिया है।

जनकारी के अनुसार, घटना भटेरा गांव के पास हुई। तेज रफ्तार कार का टायर फटने से वह अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। कार सवार दमोह से एक शादी समारोह में शामिल होकर बटियागढ़ लौट रहे थे। हादसे में टीकमगढ़ के खरगापुर निवासी कार चालक चंद्रपाल राय (30) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसके साथ बैठा युवक रूपेश राय गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को बटियागढ़ स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है।

बटियागढ़ थाना के एएसआई शेष कुमार दुबे ने बताया कि मृतक चंद्रपाल राय खरगापुर का रहने वाला था। वह रात में दमोह से एक शादी समारोह में शामिल होकर बटियागढ़ लौट रहा था। उसके साथ उसका साथी रूपेश भी मौजूद था। भटेरा गांव के पास पुल क्रॉस करते समय कार का टायर फट गया और वाहन अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराया।

मृतक का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया गया है। एएसआई ने बताया कि घायल और मृतक दोनों बटियागढ़ क्षेत्र की शराब दुकानों में काम करते थे। हादसे में कार की रफ्तार काफी तेज रही होगी, क्योंकि टक्कर के बाद कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है।

रनेह पुलिस ने दो नाबालिग बालिकाओं को किया दस्तयाब

रनेह, देशबन्धु। श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय दमोह श्रुत्कीर्ति सोमवंशी द्वारा लगातार अपहृत बालक बालिकाओं की दस्तयाबी हेतु निर्देशित किया जा रहा है। जिसके तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय संदीप मिश्रा व एसडीओपी महोदय प्रशांत सिंह सुमन के निर्देशन में थाना प्रभारी रनेह उप निरीक्षक चंदन सिंह के नेतृत्व में थाना रनेह की टीम द्वारा दो अलग-अलग मामलों में नाबालिक बालिकाओं को दस्तयाब किया गया है। अपराध क्रमांक 13/24 धारा 363 द्वश्चष की अपहृता को जयपुर राजस्थान से एवं अपराध क्रमांक 75/24 धारा 363 द्वश्चष की अपहृता को ग्राम रनेह से पुलिस टीम द्वारा दस्तयाब किया गया जिनसे पूछताछ कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है उक्त दस्त्याबी में उप निरीक्षक चंदन सिंह निरंजन, सहायक उप निरीक्षक नंद गोपाल मिश्रा , प्रधान आरक्षक शिवराज सिंह लोधी, आरक्षक धर्मेंद्र, हर्षवर्धन, आरक्षक नरेंद्र प्रजापति, ऋषिराज चौहान, महिला आरक्षक नेहा ठाकुर, व साइबर सेल की टीम प्रधान आरक्षक सौरभ टंडन एवं राकेश अठया का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

निजी अस्पताल में महिला की मौत, परिजनों ने किया हंगामा

दमोह, देशबन्धु। जिले के देहात थाना क्षेत्र के इमलाई गांव निवासी 38 वर्षीय ज्योति रजक की सोमवार सुबह शहर के एक निजी अस्पताल में मौत हो गई। महिला की मौत के बाद परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। वे आरोप लगा रहे हैं कि अस्पताल में इलाज में कोई विशेष ध्यान नहीं दिया गया, जिससे उनकी मां की जान चली गई।

ज्योति के बेटे नीलेश ने बताया कि रविवार को उनकी मां का स्वास्थ्य अचानक बिगड़ गया था। इस पर परिवार ने उन्हें मिशन अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल में कोई डॉक्टर मौजूद नहीं थे और नर्स स्टाफ ने इलाज किया। ब्लड रिपोर्ट में इंफेक्शन पाया गया था, लेकिन अस्पताल में कोई डॉक्टर के मार्गदर्शन के बिना इलाज चलता रहा। सोमवार सुबह उनकी मां की मौत हो गई।

नीलेश का कहना था कि अस्पताल की लापरवाही के कारण उनकी मां की जान गई और वे आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे थे। घटना के बाद कोतवाली पुलिस अस्पताल पहुंची और स्टाफ से मामले की जानकारी ली।

पुलिस ने परिजनों के बयान दर्ज किए हैं और शव का पोस्टमॉर्टम कराया गया। पुलिस ने बताया कि रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। अस्पताल के मैनेजमेंट प्रभारी मोईन जोसफ ने आरोपों का खंडन करते हुए कहा कि इलाज में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं की गई। उनका कहना था कि महिला को हार्ट अटैक आया था, और अस्पताल ने पूरी कोशिश की थी। उन्होंने यह भी कहा कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट से मौत के कारण का पता चल जाएगा। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

सार-समाचार

सनकुईया गांव में युवक ने फंदा लगा कर दी जान

हटा, देशबन्धु। थाना क्षेत्र के संनकुईया गांव में एक युवक ने नाला किनारे लगे पेड़ से फांसी लगाकर जान दे दी है। जानकारी अनुसार जागेश्वर पिता कोमल अठ्या 22 निवासी संनकुईया रविवार की शाम को खाना खाकर घर से निकला जब वह रात में घर वापस नहीं आया तो परिजनों ने खोज की। सुबह परिजनों को गांव में नाले किनारे लगे पेड़ से शव लटका मिला। पुलिस को सूचना दी गई पुलिस ने पंचनामा कार्यवाही कर पोस्टमार्टम कराया।

जिले में उर्वरक की उपलब्धता पर्याप्त

डिंडोरी, देशबन्धु। वर्तमान में जिले में रबी वर्ष 2024-25 हेतु बुवाई का कार्य प्रारम्भ है। एवं फसल की अच्छी पैदावार हेतु उर्वरक की आवश्यकता होती है। जिले में कुल उर्वरक उपलब्धता 3714.9 मीट्रिक टन है जिसमे यूरिया 2290.35 मीट्रिक टन, डीएपी 409.86, एनपीके 922.10 एस.एस.पी 63.30, एम.ओ.पी. 29.25 मीट्रिक टन उपलब्ध है। वर्तमान में उर्वरक पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है तथा विपणन संघ, आदिम जाति सेवा सहकारी समिति एवं निजी संस्थानों के माध्यम से उर्वरक का वितरण किया जा रहा है। कृषको को डीएपी के स्थान पर अन्य विकल्प जैसे एन.पी.के. एवं सिंगल सुपर फॉस्फेट का उपयोग करने हेतु प्रशिक्षण एवं कृषि तकनीकी पखवाड़े का आयोजन कर जागरूक किया जा रहा है।

ट्रैफिक पुलिस का जागरुकता अभियान

डिंडोरी, देशबन्धु। डिंडौरी में रविवार को ट्रैफिक पुलिस ने सड़क दुर्घटना में कमी लाने और ट्रैफिक नियमों का पालन कराने को लेकर नगर के वीरांगना रानी अवंतीबाई तिराहा, पुरानी डिंडौरी, समनापुर तिराहे में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से कर जागरूकता अभियान चलाया गया नियमों के पालन और एक्सीडेंट में कमी लाने, नियमों के पालन और जागरूकता के लिए करवाया नुक्कड़ नाटक।

हटा ने सगोनी में उप स्वास्थ्य केंद्र भवन का किया लोकार्पण

दमोह, देशबन्धु। हटा विधायक उमादेवी खटीक ने पटेरा ब्लाक के सगोनी में बनाये गए नवनिर्मित उप स्वास्थ्य केंद्र भवन का लोकार्पण किया। सगौनी गांव में करीब 48 लाख की लागत से इस उप स्वास्थ्य केंद्र को नन्ना कंस्ट्रक्शन पेरवारा द्वारा बनाया गया है जिसमें प्रसव कक्ष, वार्ड, ओपीडी कक्ष, टीकाकरण कक्ष, लेबर्टी रूम सीएचओ और एएनएम के लिए आवास बनाये गए है। लोकार्पण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई हटा विधायक उमादेवी खटीक और अतिथियों और जनप्रतिनिधियों के साथ दीप प्रज्ववलन कर मां सरस्वती, गणेश की पूजा अर्चना के बाद फीता काटकर भवन का लोकार्पण किया।

नोहटा में संचालित कक्षाओं का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

जबेरा, देशबन्धु। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने 4 दिसंबर 2024 को आयोजित होने वाले परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण के अंतर्गत संचालित कक्षाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सर्वप्रथम जबेरा विकासखंड की शासकीय माध्यमिक शाला नोहटा में कक्षा छठवीं के विद्यार्थियों से बात की तथा मॉक टेस्ट में पूछे जा रहे प्रश्नोत्तरी विद्यार्थियों से की जिन प्रश्नों के उत्तर विद्यार्थियों ने नहीं दिए उन पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए प्रधानाध्यापक एवं शिक्षकों को निर्देशित किया कि विधार्थियों का समझ आधारित अध्यापन कराएं ताकि वह प्रश्न समझ सके तथा विकल्प का चयन कर सकें। इसी क्रम में कलेक्टर श्री कोचर कक्षा नवमी हेतु चयनित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नोहटा के विद्यार्थियों से बात करते हुए ओएमआर शीट भरने का तरीका एवं सामाजिक विज्ञान तथा गणित विषय से संबंधित प्रश्न किये तथा प्राचार्य को निर्देशित किया कि जिस दिन यह सर्वेक्षण होना है उस दिन विद्यार्थियों की उपस्थिति शत प्रतिशत होना चाहिए।

राष्ट्रीय युवा महोत्वस 25 नवंबर से

डिंडौरी, देशबन्धु। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी राष्ट्रीय युवा महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन होने जा रहा है। नेहरू युवा केंद्र के जिला युवा अधिकारी आदित्य सिंह ने बताया कि इस वर्ष युवा महोत्सव की थीम विकसित भारत यंग लीडर पर आधारित होकर चार स्टेज में इस कार्यक्रम का आयोजन होगा। उसमें युवा मायभारत पोर्टल पर 25 नवंबर 2024 से 5 दिसंबर 2024 तक प्रतिभाग कर सकते हं। भाग लेने के लिए 15 से 29 वर्ष के युवा पात्र हैं।

पहले चरण में विकसित भारत की थीम पर ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता का आयोजन मायभारत पोर्टल पर होगा। इसमें से चुने गए प्रतिभागी दूसरे चरण में ऑनलाइन निबंध लेखन में भाग लेंगे। तीसरे लेवल पर स्टेट चैंपियनशिप भोपाल में और चौथी और आखिरी चरण में नेशनल चैंपियनशिप नई दिल्ली में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित होगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य यंग माइंड को अपने देश की संस्कृति, इतिहास और सभ्यता से जोड़ना और साथ ही साथ युवाओं से संवाद कर उनके विचार को प्रमुखता के साथ राष्ट्रीय स्तर पर साँझा करना है।

विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग राष्ट्रीय युवा महोत्सव के दौरान 11 और 12 जनवरी 2025 को आयोजित होगा। इस दो दिवसीय कार्यक्रम में भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी नई दिल्ली के भारत मंडपम में 3000 युवा नेताओं के साथ संवाद करेंगे । इन 3000 युवा नेताओं में से 1500 प्रतिभागियों का चयन विकसित भारत चैलेंज के माध्यम से भारत प्लेटफ़ॉर्म पर किया जाएगा।

राष्ट्रीय युवा महोत्सव - विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग का उद्देश्य युवाओं की प्रतिभा को पहचानना और उसे प्रोत्साहित करना है, जिससे उन्हें विकसित भारत के लिए अपने विचार साझा करने का एक मंच मिल सके । इस आयोजन का मुख्य आकर्षण यह होगा कि युवा सीधे प्रधानमंत्री के साथ संवाद कर सकेंगे और भारत के भविष्य के लिए अपने विचार प्रस्तुत करेंगे, जिससे राजनीति और सामाजिक जीवन में युवाओं की भागीदारी बढ़ेगी ।

रात्रि चौपाल में कलेक्टर ने सीएम राइज विद्यालय, जबेरा को सराहा

जबेरा, देशबन्धु। जनपद जबेरा के दूरस्थ अंचल पर स्थित ग्राम चौरई में आयोजित शिविर में शासन की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं पर आधारित प्रदर्शनी भी लगाई गई थी। कलेक्टर ने उसका अवलोकन किया।

प्रदर्शनी में महिला बाल विकास, स्वास्थ्य, कृषि, वन और उद्यानिकी विभाग एवं स्व-सहायता समूह के साथ साथ सीएम राइज विद्यालय जबेरा ने भी वर्ष भर एवं वर्तमान सत्र की शैक्षणिक और खेलकूद में विद्यालय द्वारा प्राप्त उपलब्धियां पर आधारित प्रदर्शनी लगाई गई थी। जिसका कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा अवलोकन करते हुए विद्यालय की गतिविधियों की जमकर सराहना की एवं महिला बाल विकास विभाग को निर्देशित किया कि वह बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का कार्यक्रम इस विद्यालय में रखें और पुलिस विभाग से भी कहा कि वह भी एक कार्यक्रम सीएम राइज विद्यालय जबेरा में आयोजित करें।

इस दौरान बीईओ विनोद कुमार बाजपेई, बीआरसी प्रवेंद्र वैघ, विद्यालय शिक्षक माखनलाल साहू, विवेक जैन उपस्थित रहे। वहीं विद्यालय प्राचार्य संजय बाजपेई एवं उपप्राचार्य अजय सिंघई ने कलेक्टर महोदय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय की सफलता सभी की कड़ी मेहनत और टीमवर्क के रूप में किए गए प्रयास से संभव हुई है।

स्कूलों में बच्चों से करेंगे स्वच्छता की बात, तब बदलेगा समाज : कलेक्टर

दमोह, देशबन्धु। यदि बच्चों तक सफाई का संदेश पहुंचा सके तो उनके परिवारों तक यह मैसेज बहुत अच्छे से पहुंचा सकेंगे। स्वच्छ भारत अभियान में दमोह को ऊपर की रेंक पर लेकर जाना है, इसकी शुरुआत हमें समाज से करनी है इसलिए आज हमने यह काम किया है। यह बात कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने सोमवार को गुरूनानक स्कूल में स्वच्छता अभियान के तहत सफाई अभियान के महत्व को छात्रो को समझाते हुए कही। कलेक्टर ने कहा यह सीएमओ नगरपालिका की पहल हैए उन्हीं का प्लान है कि हम हर स्कूल जाएं और विद्यार्थियों से शुरुआत करें क्योंकि नई जनरेशन जब तक ठीक नहीं होगी तब तक सफाई का महत्व लोगों को समझ नहीं आएगा।

हमने प्लान किया है कि नियमित रूप से स्कूलों में जाएंगे और लोगों को यह संदेश देंगे, आज पहले स्कूल गुरु नानक स्कूल का चयन किया था जहां पर सीएमओ ने विद्यार्थियों को दो वीडियो दिखाएं, कचरे का सेग्रीगेशन कैसे करना चाहिए उसके बारे में जानकारी दी। कलेक्टर ने कहा हमें आपके बीच में इसलिए आना पड़ा है क्योंकि आने वाले जनरेशन ने सफाई के महत्व को नहीं समझा तो आगे आने वाले समय में हमारा हाल वही होगा जो अभी आपको दिखाये जा रहे थे। आप विद्यार्थियों के दिमाग में यह बात क्लियर जानी चाहिए की सफाई कितनी इंपॉर्टेंट है। नाखून से लेकर नाली तक सब चीज हमें साफ रखनी है, इसकी जिम्मेदारी हमारी जनरेशन के ऊपर है।

उन्होंने कहा कोई भी पैकेट या पानी की बोतल कार, बस की खिड़की से बाहर या घर से बाहर फेंकने से पहले 10 बार सोच लें। आपकी निगाहों को डस्टबिन को ढूंढना है कि इस कचरे को कहां डालूं। स्कूल से घर जाते समय कहीं पर भी कोई भी कचरा दिखाई देता है तो आपका मन बेचैन हो जाना चाहिए कि कचरा यहां पर क्यों है। आप थोड़ा झुकें और कचरे को उठाइए, उसको सही जगह पर फेंक दीजिए।

उन्होंने कहा आपके माता-पिता आपको स्कूटर या कार में बैठा कर ले जाते हैं, हमारे घर वाले पूजन सामग्री को सीधे तालाब में फेंकते हैं, आपका काम है कि अपने घर वालों को सचेत करें कि ऐसा नहीं करना है। इससे वहां के जीव जंतु भी मरते हैं। तालाब का सौंदर्य भी खराब होता है।

उन्होंने कहा मन की सफाई, मन की सफाई के लिए आप सभी को दो होमवर्क दे रहा हूं, पहली चीज मोबाइल फोन में उल्टी-सीधी चीज नहीं देखना है। मोबाइल फोन को साफ रखना है, केवल पढ़ाई की चीज देखना है, अभी आपकी उम्र पढ़.लिखकर आगे बढ़ने की है।

तन मन धन भगवान को समर्पित करना ही भक्ति का स्वरुप : रविकरण महराज

हटा, देशबन्धु। चंडी जी मंदिर में शुरू हो रही संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के प्रथम दिन बालाजी मंदिर से एक भव्य कलश एवं चुनरी यात्रा निकाली गई जिसमें महिलाओं ने पीत वस्त्र धारण कर सिर पर कलश रख आगे चल रही थी कि पीछे महिलाएं हाथ में सात रंगों की चुनरी लेकर आगे बढ़ी। शोभायात्रा में बैंड़ बाजों की धुन पर बच्चे थिरकते नजर आ रहे थे। इसके पहले विद्वान पंडितों ने विधि विधान से चुनरी का पूजन किया। चंडी जी मंदिर जैसे ही शोभायात्रा पहुंची पुष्प वर्षा की गई बाद में मां को चुनरी अर्पित की गई।

साप्ताहिक कथा के पहले दिन रवि करण महराज ने श्रीमद् भागवत कथा के बारे में बताया कि भागवत कथा में ज्ञान वैराग्य और भक्ति का निरंतर वर्णन है भागवत कथा में श्री कृष्ण का ही स्वरूप है जो व्यक्ति भगवान की कथा में आता भगवान की कथा वाचन करता है श्रवण करता है जो कथा में प्रीत रखता है इन तीन प्रकार के मनुष्यों को भगवान कभी परित्याग नहीं करते हैं। जब भगवान श्रीकृष्ण परम धाम को जाने लगे तब उद्धव महराज को बड़ा दुःख हुआ देवता भी बड़े दुःखी हुए तब भगवान श्रीकृष्ण ने देवताओं के सम्मुख यह वचन कहे कि कलयुग में मुझे ढूंढने की जरूरत नहीं है जब भी मेरी कृपा चाहिए तो भागवत कथा स्थल में पहुंचकर भागवत कथा के दर्शन एवं श्रवण कर लेना जीवन की समस्याओं का समाधान मिल जाएगा। मन की पवित्रता ही ज्ञान का उत्कृष्ट स्वरूप है प्रत्येक जीव के प्रति अच्छे भाव रखना विकारों से दूर रहना ही वैराग्य है। तन मन धन भगवान को समर्पित करना ही भक्ति का स्वरूप है भक्ति से ही भगवान प्रसन्न होते हैं जब मनुष्य के जीवन में समर्पण का भाव आ जाता है तब उसके जीवन में भगवत कृपा हो जाती है जिस व्यक्ति के उपर ईश्वर की कृपा हो जाए वह व्यक्ति स्वयं प्रसन्न रहता है एवं दूसरों को प्रसन्न रखता है। इस मौके पर राधे राधे महिला मंडल एवं श्रृद्धालुओं की उपस्थिति रही।

एमपी ट्रांसको राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित राजभाषा शील्ड से सम्मानित

दमोह, देशबन्धु। मप्र पावर ट्रांसमिशन कंपनी को राजभाषा हिंदी में उत्कृष्ट कार्य निष्पादन के लिए राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित राजभाषा सम्मान शील्ड से पुरस्कृत किया गया है। यह शील्ड कन्याकुमारी में राजभाषा प्रबंध विकास संस्था नई दिल्ली द्वारा आयोजित हुए हिंदी राजभाषा सम्मेलन में प्रदान की गई है। इस सम्मेलन में भारत की सभी नवरत्न कंपनियों सहित केंद्रीय एवं देश की विभिन्न प्रादेशिक स्तर के शासकीय उपक्रमों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।

मप्र पावर ट्रांसमिशन कंपनी की ओर से इस सम्मेलन में अधीक्षण अभियंता राजेश दीक्षित ने प्रतिनिधित्व किया। जिनकी उत्कृष्ट प्रस्तुति तथा प्रभावशाली व्याख्यान के कारण मप्र पावर ट्रांसमिशन कंपनी को यह प्रतिष्ठित और गौरवशाली शील्ड प्राप्त हो सकी। उन्होंने अपने व्याख्यान से सम्मेलन को अवगत कराया कि मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी का कार्य क्षेत्र पावर सेक्टर में अत्यंत तकनीकी स्वरूप का है, इसके बावजूद कैसे कंपनी देश की राजभाषा हिंदी के अधिकाधिक उपयोग के लिए गंभीरता से कार्य कर रही है। राजेश दीक्षित को आगामी सत्र में सत्र अध्यक्ष का सम्मान देते हुए मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी को यह शील्ड प्रदान की गई।

इस उपलब्धि पर ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने हर्ष व्यक्त करते हुए मप्र पावर ट्रांसमिशन कंपनी के कार्मिकों को हिंदी में उत्कृष्ट कार्य के लिए यह शील्ड प्राप्त होने पर बधाई दी है। उन्होंने कहा है कि यह मप्र के लिए सम्मान का विषय है कि उसे राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट हिंदी कार्य के लिए एक तकनीकी संस्थान को इतना गौरवशाली और प्रतिष्ठित सम्मान प्राप्त हुआ है। उल्लेखनीय है कि मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी अपने दैनदिन कार्यलायीन कार्यों में हिंदी के उपयोग को प्रोत्साहित करने के लिए लगातार प्रयासरत रही है तथा अधिकांश आदेश और परिपत्र अब हिंदी में ही जारी किये जाते हैं। एमपी ट्रांसको के प्रबंध संचालक को यह शील्ड कंपनी के मुख्य अभियंता अतुल जोशी व राजेश दीक्षित के द्वारा सौपीं गई।